# 23 स्थानों से संघ के पथ संचलन निकले



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,05अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 साल पूर्ण होने पर शहर की प्रत्येक बस्ती से पथ संचालन निकाला जा रहा है। ग्वालियर में 2 अक्टूबर से 12 तक यह पथ संचलन निकाले जाएंगे। रविवार को शहर की अनेकों बस्तियों से पथ संचलन निकाले गए। पथ संचलन के अंत में स्वयंसेवकों ने संघीय प्रार्थना की और पंच परिवर्तन का संकल्प लिया।

पंच परिवर्तन में पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, समरसता, स्वदेशी और नागरिक शिष्टाचार के महत्वों पर संघ के अधिकारियों ने अपने विचार प्रकट किए और अंत में इनका पालन करने की स्वयं सेवकों को शपथ दिलाई गई।

रविवार को जिले के 23 स्थानों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन निकाले गए। पथ संचलन प्रत्येक बस्ती से होते हुए एक निर्धारित स्थान पर पहुंचा। कई जगहों पर दो बस्तियों के पथ संचलन का संगम हुआ और वहां से यह वापिस अपने-अपने स्थानों पर पहुंचे। जिस जगह से पथ संचलन प्रारंभ हुआ था, वहीं पर वापस पहुंच कर इसका समापन किया गया। समापन अवसर पर पथ संचलन का महत्व, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल के इतिहास के बारे में अधिकारियों ने अपने विचार प्रकट किए।

पथ संचलन का अनेकों स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शांतिपूर्ण तरीके से कदमताल करते हुए कंधे पर दण्ड लेकर एक जैसे गणवेश में चल रहे स्वयं सेवकों को देखकर लोग भी हैरान हुए, क्योंकि अभी तक स्वयं सेवक संघ सिर्फ दशहरे पर एक निर्धारित स्थान से यह संचलन निकालता था, लेकिन इस बार यह शहर की प्रत्येक बस्ति से निकाला जा रहा है, जिसके कारण अनेकों लोगों ने अपने जीवन में पहली बार पथ संचलन देखा है।

# विनय नगर में बदहाली के विरोध में बनाई मानव श्रृंखला

## सड़क पर भरा सीवर का गंदा पानी



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,05अक्टूबर।** विनय नगर में बदहाली के विरोध में मानव श्रखंला बनाई गई। सड़क पर सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है। बुजुर्ग माता बहने पूजा करने जाते हैं इसी सीवर के गंदे पानी से निकलना पड़ता है। बच्चे इसी सीवर के पानी से होकर निकलने को मजबूर हैं बदबु, मच्छरों से आमजन बेहाल है।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व में मानव श्रृखला बनाई गई। शर्मा ने कहा कि लगातार शासन निगम प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी समस्या हल नहीं की जा रही हैं। भाजपा शासन ग्वालियर को स्मार्ट सिटी बनाने की बात कहते हैं धरातल पर ग्वालियर को बदहाल सिटी बना दिया है। शर्मा ने कहा कि शीघ्र समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो निगम मुख्यालय का घेराव करेंगे प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र राजपूत, विक्रम शर्मा, भानु शर्मा, पुरन कुशवाहा, पूर्व पार्षद धर्मवीर राठौर, सौरभ तिवारी, महेश कुशवाहा, सीताराम दुबे, संतोष राठौर, सुरेश श्रीवास्तव, बृजेश मिश्रा, मुन्ना लाल खरे, हरी वर्मा ,राहुल गुप्ता, राकेश कुशवाह, फूल सिह, सोहिल खान, संजय माहौर ,नंद राम कुशवाह, सचिन श्रीवास्तव, श्याम रजक सुनील गुप्ता सौरभ पाल आदि मौजूद थे।

# सिंधिया को रॉयल विंटेज फोर्ड थंडरबर्ड चलाते देख लोंगों का लगा तांता

**संजीव कुमार शर्मा**
**ग्वालियर,05अक्टूबर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रियासत कालीन परंपराओं को हर वर्ष राजशाही पोशाक में निभाते हैं, इसी के साथ वह कभी-कभी अपनी गाड़ी भी खुद ड्राइव करते हैं। लेकिन इस बार अपने ग्वालियर-चंबल के दौरे के दौरान उनका अलग ही अंदाज देखने को मिला। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया इस बार जब अपने जयविलास पैलेस से निकले तो इस दौरान जिसकी भी नजर उनकी ओर गई, सभी देखते ही रह गए। इसकी वजह यह थी कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया अपनी रॉयल विंटेज थंडरबर्ड कार को खुद ड्राइव कर रहे थे। लोगों ने जैसे ही सिंधिया को यह कार चलाते देखा तो इस नजारे को अपने मोबाइल में कैद करने लगें। सिंधिया ग्वालियर किला स्थित सिंधिया बॉयज स्कूल रॉयल विंटेज थंडरबर्ड कार से पहुंचे। ग्वालियर-चंबल अंचल के दौरे के दौरान सिंधिया ने अपनी रॉयल विंटेज कार को जब खुद ड्राइव किया तो शहर की सड़कों पर भी देखने वालों का तांता सा लग गया।

**डैशिंग लुक, बहुत ही एंटीक हैं सिंधिया परिवार की यह कार**



फोर्ड थंडरबर्ड एक डैशिंग लुक वाली कार है,यह अपनी पहली पीढ़ी की सबसे प्रसिद्ध विंटेज थंडरबर्ड में से एक है, जो अपनी दो सीटों वाली कॉन्फ़िगरेशन और स्टाइलिश डिज़ाइन के लिए आज भी जानी जाती है। यह कार बहुत ही एंटीक है और देश के चुनिंदा राजघरानों में से सिंधिया राजघराने के पास यह आज भी सुरक्षित है।

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर आज ग्वालियर प्रवास पर

**ग्वालियर।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर 6 अक्टूबर को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। तोमर इस दौरान विभिन्न स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। तोमर इस दिन प्रात 11:30 बजे आदर्श विज्ञान महाविद्यालय पहुंचेंगे और यहाँ पर सी- ब्लॉक के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

# जाट समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,05अक्टूबर।** जाट समाज जन सेवा शिक्षण मंच द्वारा मेधावी बालक बालिकाओं का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को हुआ। जिसमें 65 बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मेंद्र राणा पूर्व पार्षद ने किया। मंच के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोरा भूतपूर्व अध्यक्ष तेजा बोर्ड मध्य प्रदेश शासन ने किया। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि संत गणेश दास महाराज थे। कार्यक्रम आयोजन समिति में जाट समाज जन सेवा शिक्षा मंच की टीम के वीरेंद्र सिंह राणा बेहटा, अजय सिंह राणा, इतेन्द्र सिंह राणा, जितेंद्र सिंह राणा, देवेन्द्र सिंह राणा, रविन्द्र सिंह राणा, रिंकू सिंह राना, अलवेल सिंह राना, भूपेंद्र सिंह राणा, रूपेंद्र सिंह राणा, दुष्यंत सिंह राणा आदि शामिल थे।

# कैट ने मेला व्यापारी संघ की मांग को समर्थन दिया

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला के आयोजन को लेकर मध्यप्रदेश शासन द्वारा आवंटन प्रक्रिया ऑनलाइन किये जाने का कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट ने स्वागत किया है परंतु इस प्रक्रिया में पूर्व वर्ष के जो दुकानदार है उनहें उनकी दुकानें आवंटित की जाये ऐसा प्रावधान करने का आग्रह किया है। कैट ने मेला व्यापारी संघ की मांग का समर्थन करते हुये कहा कि नित नई प्रक्रिया से हम व्यापारियों को ऑनलाइन आवंटन की ओर ले जा रहे है यह मध्यप्रदेश सरकार का सराहनीय कदम है किंतु ग्वालियर व्यापार मेले में जिन व्यापारी एवं दुकानदारों ने गत वर्ष दुकानें लगाई थी उन्हें उनकी दुकान को आवंटित करने के लिये सॉफ्टवेयर मे प्रावधान किया जाना चाहिये एवं जो भी खाली पड़ी दुकानें है उनके लिये पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया की जाये। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री को लिखे पत्र में कहा है कि जो दुकानदार वर्षों से दुकान लगाते आ रहे है और जिन्होंने पिछले वर्ष दुकानें लगाई थी दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता दी जाये एवं इस नीति के तहत ही नई ऑनलाइन प्रक्रिया को लागु किया जाये। कैट शीघ्र ही इस संबध में संभाग आयुक्त से भेंट कर मांग को स्पष्ट करने जायेंगा। कैट ग्वालियर के पदाधिकारीगणों ने व्यापारियों के साथ साहनुभूति रखते हुये उनकी मांग को समर्थन प्रदान किया है।

# शरद पूर्णिमा पर आज चंद्रमा की किरणों से बरसेगा अमृत, मंदिरों पर कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,05अक्टूबर।** शरद पूर्णिमा उस दिन मनाते है, जिस दिन आश्विन पूर्णिमा तिथि में चंद्रमा उदित होता है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों में खीर रखी जाती है। पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर है। मंदिरों पर सुबह से रात तक कार्यक्रम चलेंगे।

ज्योतिषाचार्य जगदीश अरोरा ने बताया कि शरद पूर्णिमा हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। शरद पूर्णिमा को आश्विन पूर्णिमा, रास



पूर्णिमा और कोजागर पूर्णिमा के नाम से जानते हैं। हालांकि इन सभी का अलग-अलग महत्व है। हिंदू धर्म शास्त्रों में साल की सभी 12 पूर्णिमा में शरद पूर्णिमा को सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावशाली माना जाता है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों में खीर को रखा जाता है। **दोपहर में आएगी तिथि:** शरद पूर्णिमा उस दिन मनाते है, जिस दिन आश्विन पूर्णिमा तिथि में चंद्रमा उदित होता है। पंचांग के अनुसार, इस साल आश्विन पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर प्रारंभ हो रही है। यह तिथि अगले दिन 7 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 9 बजकर 16 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में आश्विन पूर्णिमा का चंद्रोदय 6 अक्टूबर को होगा। इसलिए शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर सोमवार को मनाई जाएगी।

**शरद पूर्णिमा शुभ मुहूर्त:** शरद पूर्णिमा के दिन सुबह में व्रत रखकर सत्यनारायण भगवान की कथा करते हैं। शाम के समय में माता लक्ष्मी की पूजा और चंद्रमा को अर्घ्य देते हैं। शरद पूर्णिमा के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4.39 बजे से सुबह 5.28 बजे तक है। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.45 बजे से दोपहर 12.32 बजे तक रहेगा। इस दिन का निशिता मुहूर्त देर रात 11.45 बजे से रात 12.34 बजे तक रहेगा।

**चंद्रमा निकलने का समय:** 6 अक्टूबर सोमवार को शरद पूर्णिमा पर चंद्रोदय शाम 5.27 बजे होगा। चंद्रास्त 7 अक्टूबर को सुबह 6.14 बजे होगा।

**खीर रखने का सही समय:** शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपने 16 कलाओं से परिपूर्ण होकर उज्ज्वल चांदनी पूरी धरती पर फैलाता है। शरद पूर्णिमा पर चंद्रोदय शाम 5.27 बजे होगा, लेकिन उस समय चांद बस निकला ही होगा। शरद पूर्णिमा की रात 10.37 बजे से लेकर देर रात 12.09 बजे तक लाभ-उन्नति मुहूर्त है।

## निशुल्क कैंसर जागरूकता शिविर लगाया

**ग्वालियर।** श्याम वाटिका गोले का मंदिर बिरला नगर रोड पर लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर द्वारा निशुल्क कैंसर एवं महिला स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर लगाया। शिविर में लगभग 180 लोगों को स्वास्थ्य की सलाह एवं जांच का लाभ प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के सहयोग से वरिष्ठ डॉ बी आर श्रीवास्तव के निर्देशन में उनकी डॉक्टर टीम स्टाफ द्वारा डायबिटीज ब्लड प्रेशर मैमोग्राफी बायोप्सी व कई प्रकार की जांच निशुल्क की गई एवं सूक्ष्म वी अन्य जांचों के लिए जो केवल अस्पताल में ही हो सकती हैं।





GST लाभ

| प्रोडक्ट्स | एक्स-शोरूम कीमत | GST लाभ |
|---|---|---|
| SPLENDOR+ | ~~₹79 826~~ ₹73 589# | ₹6 237 |
| DESTINI 125 | ~~₹83 868~~ ₹77 315# | ₹6 553 |

सीमित अवधि ऑफर

+ एक्सचेंज ऑफर ₹2 500~ तक + इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड FESTIVE TREATS Powered by pine labs + प्रतिदिन EMI ₹69$ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹1 999$ से शुरू | विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200~ तक

स्कैन करें और त्योहार को खुशियों से भर दें

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and Destini 125 in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, एसोशिएट डीलरः अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95